क्यूँ न लिखूं सच- ब्यूरोचीफ

बरेली। वायुसेना स्टेशन के विस्तारीकरण की प्रक्रिया में चार गांवों की चिह्नित 93.798 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की कवायद में अब जिला प्रशासन ने संबंधित भूमि की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी है। भू-स्वामी को जमीन का सौदा करना है तो तहसील से एनओसी लेनी होगी। भारत-चीन सीमा के बेहद करीब स्थित बरेली के त्रिशूल एयरबेस के विस्तार पर रक्षा मंत्रालय की सहमति के बाद जिला प्रशासन, संपदा कार्यालय और वायुसेना स्टेशन के अफसर सक्रिय हैं। पूर्व में हाजीपुर ब्रजलाल, नगरिया कला और भूड़ा के निवासियों की जमीन का अधिग्रहण प्रस्तावित था, लेकिन भारत सरकार के जारी गजट में त्रिशूल एयरबेस की बाउंड्री के सौ मीटर के दायरे में निर्माण, पेड़ आदि लगाना भी प्रतिबंधित कर दिया। कंजादासपुर क्षेत्र जो शहर के बीच है, वहां भी 18.435 हेक्टेयर भूमि चिह्नित की गई। यहां भी वायुसेना स्टेशन का विस्तार होना है। लेकिन अधिग्रहण में देरी से चारों गांवों के भू-स्वामी और वायुसेना स्टेशन के सौ मीटर के दायरे में आने वाले निवासी परिस्थिति का हवाला देकर भूमि के क्रय-विक्रय के संबंध में पत्राचार कर रहे हैं। ऐसी स्थिति देखते हुए अब तहसील सदर की एनओसी पर ही विक्रय की सहमति दी गई। जल्द करें अधिग्रहण या समस्या का हो समाधान ग्रामीणों ने विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी के कार्यालय में पत्र भेजकर अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्द पूरी कराने की मांग की थी। ग्रामीणों का कहना है कि वे छोटी जोत के किसान हैं। कई बार भूमि के क्रय-विक्रय की जरूरत होती है। ऐसी स्थिति में जल्द भूमि अधिग्रहण हो या वायुसेना अफसरों से समस्या का समाधान कराएं। मामले में रक्षा संपदा कार्यालय से अधिग्रहण संबंधी अब तक की कार्रवाई की जानकारी मांगी गई है।




# आधी रात युवक को उठा ले गए दबंग, फिर दी दर्दनाक मौत; हाथ-पैर टूटे मिले... गुप्तांग पर भी चोट

अंबेडकरनगर में पुरानी रंजिश को लेकर दबंग आधी रात को एक युवक को उठा ले गए। इसके बाद उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। युवक के हाथ-पैर टूटे मिले थे। गुप्तांग पर भी प्रहार किया गया था। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। अंबेडकरनगर में पुरानी रंजिश को लेकर दबंग आधी रात को एक युवक को उठा ले गए। इसके बाद उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। युवक के हाथ-पैर टूटे मिले थे। गुप्तांग पर भी प्रहार किया गया था। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। रात करीब 2.30 बजे परिवार के लोगों को सूचना मिली कि संजय खून से लथपथ गांव किनारे पड़ा है। सूचना पर डायल 112 पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। संजय के हाथ-पैर टूटे थे। गुप्तांग पर भी प्रहार किया गया था। मरणासन्न अवस्था में उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर लाया गया। वहां कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी निशा यादव और भाई पुष्पेंद्र यादव ने बताया कि बीती 6 मई को गांव के त्रिभुवन यादव की पुत्री का विवाह था। इस विवाह में आर्केस्ट्रा पार्टी के दौरान अनुराग उर्फ राज यादव और उसके पिता सजीवन यादव से किसी बात पर संजय का विवाद हो गया था। इस बीच ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामले में सुलह समझौता करा दिया था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते अनुराग ने अपने साथी अभिषेक यादव निवासी मखदूम सराय अलीगंज, अंश यादव उर्फ डब्बू निवासी खपुराअकबरपुर, राकेश यादव निवासी पकड़ीभोजपुर, नंदन व कुछ अज्ञात लोगों ने मिलकर हत्या कर दी है। एएसपी पश्चिमी विशाल पांडेय ने बताया कि हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समूह की दीदियों के साथ आजीविका संवर्धन संगोष्ठी कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

क्यूँ न लिखूं सच- ब्यूरोचीफ

बरेली। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज संजय कम्यूनिटी हाल में स्वयं सहायता समूह की दीदियों का आजीविका संवर्धन संगोष्ठी कार्यक्रम का माँ सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर एवं माल्यार्पण कर शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि बरेली जनपद में स्वयं सहायता समूहों द्वारा बहुत सी वस्तुएं बनाई जा रही है यह बहुत अच्छी बात है, परन्तु इसमें अभी और सुधार करने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि आप सभी दीदियां अपने-अपने प्रोडक्टस की गुणवत्ता को सुधारे और अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें जिससे अन्य जनपदों में भी आपके प्रोडक्स की मांग ब?। उन्होंने कहा कि अगर हमारे देश की नारी सशक्त होगी तभी हमारा देश भी आगे की ओर ब?ेगा। उन्होने बताया कि हर विकास खण्ड में एक बारात घर भी बनाया जायेगा जिसके संचालन हेतु स्वयं सहायता समूह की दीदियों को रखा जायेगा जिससे कि आपका रोजगार चल सके। उन्होंने दीदियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप लोग गारमेण्ट्स को इस प्रकार से बनाए जिससे कि बाजार में आपकी बिक्री अधिक से अधिक हो सके और मुनाफा भी हो और आप लोग अपने व्यापार को इस प्रकार ब?ाये कि कल को आप नौकरी मांगने वाले नही बल्कि देने वाले बने। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देश दिये कि कुछ दीदियों को अच्छी किस्म की सिलाई मशीन दे दी जाए जिससे कि वह अपना सिलाई कढाई का कार्य कर सकें। पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि यहां पर दुग्ध का व्यापार अधिक प्रचलित है जिसके लिए कुछ दीदियों को अच्छी नस्ल की गाय तथा भैंस दें जिससे कि उनका व्यापार चल सके। उन्होने कहा कि हमारा यह पूरा प्रयास रहेगा कि आप लोग मजबूत बने और घर से बाहर निकलकर अपने व्यापार को और अधिक बढाए। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाये गये विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया गया।इस अवसर पर डी.सी. एन.आर.एल.एम योगेन्द्र भारती, पशु चिकित्सा अधिकारी डा मनमोहन पाण्डे, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डा. रंजीत सिंह, जिला उद्यान अधिकारी जितेन्द्र कुमार सहित समस्त स्वयं सहायता समूह की दीदियां उपस्थित रहीं।



# दो अभियुक्तों को 1.200 कि0ग्रा0 नाजायज गांजा सहित किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूं सच- ब्यूरोचीफ

बरेली ,थाना प्रेमनगर, जनपद बरेली पुलिस टीम द्वारा गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर रेलवे कलोनी आर0पी0एफ0 बैरक के पास से दो अभियुक्त 1. रोहित पुत्र साहिब लाल उम्र 22 बर्ष निवासी रदौली थाना कोतवाली जनपद अयोध्या 2. पिंटू शर्मा पुत्र मस्तराम शर्मा उम्र 21 बर्ष निवासी रदौली थाना कोतवाली जनपद अयोध्या को 1.200 कि0ग्रा0 नाजायज गांजा व 1940 रुपये सहित गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना प्रेमनगर बरेली पर मु0अ0सं0 173/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट बनाम रोहित एवं पिंटू शर्मा उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणो को माननीय न्यायालयके समक्ष पेश किया जा रहा है।




# यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा- मेडिकल परीक्षण में हुआ करोड़ों का खेल, सीसीटीवी फुटेज से खुलेंगे राज

यूपी पुलिसि भर्ती परीक्षा के मेडिकल में करोड़ों रुपये का घोटाला हुआ। अभ्यर्थियों से मेडिकल में पास कराने के नाम पर मोटी रकम वसूली गई। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा-2023 के अभ्यर्थियों के मेडिकल परीक्षण में करोड़ों रुपये का खेल हुआ है। इसका राज सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में खुलेगा। इसमें दिखने वाले अभ्यर्थियों से पुलिस पूछताछ करेगी। लिखित और शारीरिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद सबसे अंत में अभ्यर्थियों का मेडिकल परीक्षण कराने के निर्देश थे। एटा को ऐसे 755 अभ्यर्थियों का परीक्षण कराने के निर्देश दिए गए थे। इसके लिए पुलिस लाइन में प्रक्रिया संचालित की गई। शुरुआती जांच में जो तथ्य सामने आए हैं उसके अनुसार चिकित्सक अभ्यर्थी को जांच में फेल होने का डर दिखाकर पास करने के नाम पर एक लाख रुपये मांगते थे।ऐसे में सैकड़ों अभ्यर्थियों से करोड़ों रुपये वसूले गए। नौकरी प्राप्त होने में यह आखिरी प्रक्रिया थी। इसलिए अधिकांश अभ्यर्थी किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहते थे और झांसे में आकर रुपये भी देते रहे। यह पूरा खेल सुमित्रा डायग्नोस्टिक सेंटर में किया जाता था। परीक्षण से पहले अभ्यर्थियों को यहां बुलाया जाता था। उनका शारीरिक परीक्षण कर कमियां बताई जाती थीं और लेनदेन किया जाता था। एसएसपी श्याम नारायण सिंह ने बताया कि हर पहलू पर जांच की जा रही है। तय तक पूरी जानकारी कर कार्रवाई की जाएगी।वीडियो में पैसे का लेनदेन करते दिखे दोनों एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश और एएसपी राजकुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को इस सेंटर की पड़ताल की। वहां मिले कर्मचारी लवकुश ने बताया कि वीडियो में दिख रहे युवक पुलिस भर्ती परीक्षा में चल रहे मेडिकल के लिए आए थे। तीन मई के बताए जा रहे वीडियो में डॉ. अनुभव अग्रवाल अपने सहयोगियों के साथ पैसे का लेनदेन करते दिख रहे हैं। इसमें मेडिकल कॉलेज में तैनात डॉ. राहुल वार्ष्णेय की भी संलिप्तता पाई गई। कोतवाली नगर पुलिस ने शुक्रवार को दोनों को इसी डायग्नोस्टिक सेंटर से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली में हुआ चिकित्सकों का मेडिकल परीक्षण- किसी आरोपी को जेल भेजे जाने से पहले पुलिस उसका स्वास्थ्य परीक्षण कराती है। इसके लिए आरोपी को मेडिकल कॉलेज या संबंधित सरकारी अस्पताल लाया जाता है। मगर पुलिस भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों से वसूली करने वाले चिकित्सकों का मेडिकल परीक्षण कोतवाली में ही किया गया। इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।



प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# क्योलड़िया थाना से परेशान होकर आत्महत्या करने वाले सलमान के परिजनों से मिले बसपा नेता

क्यूँ न लिखूं सच- ब्यूरोचीफ

बरेली। थाना क्योलडि़या के कथित तौर पर इंस्पेक्टर ग्राम श्रवण कुमार की प्रताड़ना से परेशान होकर भुता थाना क्षेत्र के गांव म्यूड़ी निवासी सलमान की आत्महत्या के मामले में बहुजन समाज पार्टी के नेताओं ने शुक्रवार को उसके परिजनों से मुलाकात की और उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। जिला उपाध्यक्ष तौफीक प्रधान ने कहा कि सलमान ने थाना पुलिस की प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या की थी। हम इस अन्याय के खिलाफ थाने से लेकर एसएसपी कार्यालय तक न्याय की गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दो दिन के भीतर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है, तो हम एडीजी आवास के बाहर धरना-प्रदर्शन करेंगे। यदि इसके बावजूद भी प्रशासन ने हमारी बात नहीं सुनी, तो हम संविधान को साक्षी मानकर कोर्ट के माध्यम से थाना क्योलडि़या के क्राइम इंस्पेक्टर श्रवण कुमार को सजा दिलाने का काम करेंगे। दौरे में बसपा के जिला महासचिव राजेंद्र कश्यप, जिला कार्यकारिणी सदस्य संघप्रिय गौतम सहित पार्टी के भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद है



# बरेली अलर्ट मोड पर , 53 स्थानों पर नाकाबंदी

क्यूँ न लिखूं सच- ब्यूरोचीफ

बरेली । भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच जिले में पुलिस पूरी तरह से अलर्ट हो गई है। एसएसपी ने सभी थानों से रिपोर्ट मंगाकर जिले में 53 स्थानों को चिह्नित किया है, जहां पर नाकाबंदी कर बैरिकेडिंग करते हुए पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। साथ ही संदिग्ध लोगों समेत वाहनों की गहनता से चेकिंग की जा रही है। पुलिस की तरफ से हर एक नाके पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव जारी है। जिसे देखते हुए शुक्रवार देर रात तक एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिस अधिकारियों समेत थाना प्रभारियों के साथ गूगल मीट पर मीटिंग कर कई मुद्दों पर जरूरी निर्देश दिए। साथ ही थाना पुलिस की रिपोर्ट पर शहर से लेकर देहात तक 53 स्थानों को चिह्नित किया। जहां पर बैरिकेडिंग कर एक दरोगा समेत पांच पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। जहां मौजूद पुलिस कर्मी संदिग्ध लोग और वाहनों की चेकिंग कर रहे हैं। एसएसपी ने साफ किया है कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी हाल में बख्शा न जाए।

# अंडर 17 बालक वर्ग मंडलीय फुटबाल में श्री गुरु गोविंद सिंह की टीम चयनित

क्यूँ न लिखूं सच- ब्यूरोचीफ

बरेली। जनपदीय विद्यालयीय 17 बालक वर्ग सुब्रतो फुटवाल प्रतियोगिता का आयोजन स्व: डोरी लाल स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली में किया गया। जिसमें जनपद बरेली के श्रीगुरू गोबिन्द सिंह इंटर कालेज ने राजकीय इंटर कालेज को हराकर मंडलीय टुटबाल में प्रवेश किया। इस मैच का उदघाटन मंडलीय क्रीडा सचिव व शारीरिक शिक्षक श्री नईम अहमद ने खिलाडियो से परिचय प्राप्त कर किया। श्रीगुरू गोबिन्द सिंह व राजकीय इंटर बरेली के बीच मैच हुआ जिसमें श्रीगुरू गोबिन्द सिंह कालेज ने जीत का परचम फहराया। इस आधार पर श्रीगुरू गोबिन्द सिंह इण्टर कालेज, बरेली की 17 टीम का चयन मंडलीय प्रतियोगिता के लिये किया गया। विजयी टीम 13.05.2025 को होने वाली मण्डलीय सुब्रतो फुटबाल प्रतियोगिता स्व: डोरी लाल स्पोर्टस स्टेडियम बरेली में प्रतिभाग करेगी। प्रतियोगिता का संचालन क्रीडा प्रभारी आदेश सिंह यादव ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्या अरविन्दर कौर, मीरा गंगवार (क्रीडा प्रभारी) अनुराग निर्मल, एवं आशु भारती (फुटबाल कोच) आरिफ शाह व मो0 शान आदि मौजूद रहें। चयनित टीम- मो0 यासीन, आफताब खान, विनय कुमार, अर्पित कुमार, आदित्य कुमार, सचिन, अभिषेक, पवन चौहान, अंकित यादव, प्रजल कुमार आन्नद राज सोनी, शिवांश किशोर, किशन कुमार यादव, कुनाल भारती, व लव सोनकर शामिल हैं ।

# अयोध्या- सीएम योगी ने किए रामलला के दर्शन, जानी मंदिर निर्माण की प्रगति; हनुमानगढ़ी महंत से लिया आर्शीवाद

सीएम योगी ने शनिवार को अयोध्या राम मंदिर के दर्शन किए। वहां जाकर उन्होंने मंदिर निर्माण की प्रगति जानी। इसके पहले सीएम ने हनुमानगढ़ी में गद्दीनशीन महंत से आर्शीवाद लिया। सीएम योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को सबसे पहले हनुमंतलला के इसके बाद राम मंदिर जाकर अपनी श्रद्धा अर्पित की। उतारी। उन्होंने मंदिर निर्माण को देखा। कार्यदाई संस्था के कार्यों की प्रगति बताई। सीएम रामलला के दरबार में योगी का रामकथा पार्क स्थित जनप्रतिनिधियों व भाजपा रामकथा पार्क से सीएम योगी जहां रामभक्त संकटमोचन हाजिरी लगाई और प्रदेश के सीएम ने दर्शन-पूजन के आमजन का अभिवादन भी ने हनुमानग?ी में संतों से कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री महंत प्रेमदास महाराज से मिले लिया। गद्दीनशीन के शिष्य सीएम योगी का अभिनंदन मुख्यमंत्री यहां मौजूद पुजारी समेत अन्य संतों से भी मिले जाना। हैलीपैड पर मुख्यमंत्री में विधायक वेदप्रकाश गुप्ता,



अयोध्या पहुंचे। उन्होंने दरबार में हाजिरी लगाई। रामलला के चरणों में रामलला की आरती भी के लिए चल रहे कार्यों इंजीनियरों ने उन्हें निर्माण करीब 20 मिनट तक रहे।इससे पहले सीएम हैलीपेड पर स्थानीय नेताओं ने स्वागत किया। सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे। हनुमान के दरबार में कल्याण की कामना की। उपरांत निकलते समय स्वीकार किया। मुख्यमंत्री मुलाकात की और उनका सबसे पहले गद्दीनशीन और उनका आशीर्वाद महंत डॉ महेश दास ने किया। इसके बाद रमेश दास, राजू दास और उनका हालचाल का स्वागत करने वालों महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, विधायक अभय सिंह, पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्र समेत अन्य शामिल रहे।गद्दीनशीन ने मुख्यमंत्री को किया आमंत्रित गद्दीनशीन महंत प्रेमदास ने हनुमानगढ़ी पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ को हनुमत कथा मंडपम के उद्घाटन कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। हनुमानगढ़ी के पंचों की ओर से गद्दीनशीन ने सीएम योगी आदित्यनाथ को आमंत्रण पत्र सौंपा। गद्दीनशीन के प्रधान शिष्य डॉ महेश दास ने बताया कि हनुमानगढ़ी परिसर में स्थित इमलिया बाग में हनुमत कथा मंडपम का निर्माण कराया गया है। 23 मई को वास्तुपूजन व 24 को भवन का उद्घाटन समारोह आयोजित होगा। जिसके लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया गया है।

# महिलाओं को पीटने का मामला गर्माया, अखिलेश यादव ने किया वीडियो शेयर, अतुल प्रधान बोले- आमरण अनशन करेंगे

लावड़ में दो भाइयों के बीच मारपीट के मामले में पुलिस पहुंची तो दरोगा के साथ मारपीट की गई थी। इसके बाद पुरुष पुलिसकर्मियों ने युवक के साथ ही महिलाओं को बुरी तरह पीटा था, जिसका वीडियो वायरल हो गया था। के परिवार की महिलाओं को लाठी महिलाओं के पीटने का वीडियो अकाउंट पर शेयर किया। शनिवार के साथ एसएसपी डॉ. विपिन ताडा पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला करेंगे। इंचौली थाना क्षेत्र के लाव? सुनील व सुशील में विवाद हो तहरीर दी थी। सूचना पर दो दरोगा पुलिस से नोंकझोक हो गई थी। मारपीट कर दी थी। दरोगा चोट थाने से पहुंचे पुलिस बल ने परिवार तीन लोगों का शांतिभंग में चालान पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया अतुल प्रधान पीड़ित परिवार के



लाव? कस्बे में पुलिसकर्मियों द्वारा अनुसूचित जाति से बुरी तरह पीटने का मामला तूल पकड़ गया है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने इंस्टाग्राम को सरधना विधायक अतुल प्रधान पीड़ित परिवार के कार्यालय पर पहुंचे। विधायक ने कहा कि अगर तो कस्बे में एक बड़ी मीटिंग समाज के साथ कस्बे में तीन दिन पूर्व जमीन को लेकर दो भाई गया था। इसके बाद सुनील ने लाव? चौकी पर मौके पर पहुंचे थे। इसके बाद परिवार के लोगों की इस बीच परिवार ने दरोगा अमित कुमार के साथ लगने से घायल हो गया था।इसके बाद इंचौली की महिलाओं पर लाठीचार्ज कर दिया था और कर दिया था। इस दौरान किसी ने महिलाओं की पर वायरल कर दिया। शनिवार को सरधना विधायक साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचे। विधायक ने कहा कि पुलिस ने दलित समाज के लोगों पर लाठीचार्ज कर अत्याचार किया है। विधायक ने उच्च अधिकारियों से दोषी पुलिसकर्मियों को बर्खास्त करने की मांग की। विधायक ने कहा कि अगर पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो सर्व समाज के साथ आमरण अनशन पर बैठेंगे। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

# यहां तो अस्पताल ही बीमार है, मरीजों के बिस्तर पर आराम कर रहा कुत्ता; स्वास्थ्यकर्मियों नहीं परवाह

कस्बा निवासी सतीश ने बताया कि वह शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुखार की दवा लेने गया था। जब उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के वार्ड में देखा तो बिस्तर पर कुत्ता आराम कर



रहा था। स्वास्थ्यकर्मियों को इसकी कोई परवाह भी नहीं थी, जो उसको भगा सकें। ग्रेटर नोएडा स्थित जहांगीरपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बिस्तर पर आराम कर रहे कुत्ते का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इससे अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही दिख रही है। ऐसे में संक्रामक बीमारी फैलने का भी खतरा है। यदि यही कुत्ते किसी को काट लें तो जहांगीरपुर स्वास्थ्य केंद्र में एआरवी की भी सुविधा नहीं है। स्वास्थ्यकर्मियों को नहीं इस बात की परवाह कस्बा निवासी सतीश ने बताया कि वह शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुखार की दवा लेने गया था। जब उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के वार्ड में देखा तो बिस्तर पर कुत्ता आराम कर रहा था। स्वास्थ्यकर्मियों को इसकी कोई परवाह भी नहीं थी, जो उसको भगा सकें। वहीं घटना के बाद वहां मौजूद अन्य लोगों ने भी इसकी वीडियो बना ली। इसके बाद यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र में सफाई को लेकर कोई सतर्कता नहीं बरती जाती है। मरीजों को भर्ती करने के लिए इन्कार कर दिया जाता और विशेषज्ञ नहीं होन की बात कही जाती है। वहीं वार्ड में अक्सर कुत्ते घूमते रहते हैं और गंदगी करते रहते हैं। इस पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। इसके अलावा स्वास्थ्य केंद्र में एंटी रेबीज वैक्सीन की भी सुविधा नहीं है। इसके लिए मरीजों को जेवर सीएचसी जाना पड़ता है।

वहीं वायरल वीडियो के संबंध में केंद्र प्रभारी डॉ. केपी सिंह सिंह का कहना है कि वह किसी काम से जनपद से बाहर हैं। वीडियो के संबंध में उनको कोई जानकारी नहीं है।

# कार की टक्कर से 10 मीटर दूर जाकर गिरा युवक... मौत, हादसा देख कांपा लोगों का कलेजा

शाहजहांपुर के बंडा में शुक्रवार शाम दर्दनाक हादसा हुआ। सड़क पार कर रहे युवक को तेज रफ्तार कार ने उड़ा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। यह हादसा वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया।शाहजहांपुर के बंडा में पूरनपुर रोड पर शुक्रवार शाम कार की टक्कर लगने से सड़क पार कर रहे सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव पसगनपुर निवासी 28 वर्षीय अमित की मौत हो गई। यह हादसा वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि अमित वेटर का काम करता था। वह काफी समय से बंडा के धर्मपुर गांव में



अपने बहनोई नरेंद्र के घर रह रहा था। वह शुक्रवार की दोपहर पूरनपुर रोड पर महौलिया गांव के पास मैरिज लॉन से निकलकर रोड पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने से अमित हवा में उछलकर करीब 10 मीटर दूर जाकर गिरा। परिजनों में मचा कोहराम हादसा देख लोग दौड़ पड़े। उसके परिजनों को सूचना दी। इसके बाद घायल अमित को बंडा सीएचसी ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद अमित को राजकीय मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुन उसके परिवार में कोहराम मच गया। शव को देख परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल हो गया। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। जहां परिजनों ने बताया कि हादसा सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। फुटेज के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मृतक पांच भाइयों में बड़ा था। हादसे के बाद मृतक के भाई सुमित, जितेंद्र, हर्षित व अर्चित गुमसुम हो गए हैं।

# खतरे में जिंदगी- बलिया के 315 गांवों के ढाई लाख लोगों की नसों में घुला आर्सेनिक, चर्मरोग और सांसों पर भी संकट

बलिया के गंगापुर गांव में लोग तरह-तरह की बीमारियों से परेशान हैं। दूषित पानी पीने से उन्हें चर्म रोग की भी समस्या है। यहां लड़के और लड़कियों की शादी में दिक्कत आती है। लोग उनके गांव में अपने बेटे-बेटियों की शादी नहीं करना चाहते। बलिया के बेलहरी ब्लॉक के गांव गंगापुर के तिवारी टोला के भृगु नाथ पांडेय (52) के शरीर पर काले चकत्ते पड़ गए हैं। पाचन संबंधी समस्याओं से परेशान हैं। सुरेश शाह (40) का परिवार भी चर्म रोग से जूझ रहा है। गांव के रघुनाथ पांडेय कहते हैं कि 2016 में उनके छोटे भाई पप्पू पांडेय की मौत दूषित पानी पीने से हो चुकी है। इसी तरह मां ज्ञानती देवी की भी मौत हो गई थी। भूषण पांडेय कहते हैं, छोटे भाई कपिल मुनि पांडेय के शरीर पर काले चकत्ते पड़ गए थे। सांस की बीमारी हो गई थी। लगातार इलाज के बावजूद कपिल को नहीं बचा पाए।तिवारी टोला के करीब 50 घरों के 300 लोग आर्सेनिक युक्त पानी पीने के लिए विवश हैं। ये हालात सिर्फ एक गांव के नहीं हैं, बल्कि जिले के 315 गांवों के भी हैं। यहां की करीब ढाई लाख की आबादी की नसों में आर्सेनिक घुल चुका है, जो धीरे-धीरे उनके शरीर को खोखला कर रहा है। गांव के सुदामा पांडेय ने बताया कि लाल ततवा का पूरा कुनबा दूषित पानी के सेवन से खत्म हो चुका है। गांव के कपिल मुनि पांडेय, विष्णु गोंड, भारत पांडेय, शांति देवी, नीलम पांडेय, त्रिलोकी पांडेय, पप्पू पांडेय समेत 10 लोगों की मौत का कारण भी आर्सेनिक युक्त पानी पीने से होने वाले दुष्प्रभाव थे। ग्रामीणों का कहना है कि लड़के और लड़कियों की शादी में दिक्कत आती है। लोग उनके गांव में अपने बेटे- बेटियों की शादी नहीं करना चाहते हैं। आर्सेनिक के संपर्क में आने पर पत्थर भी लाल पड़ जाता है जिले की 940 ग्राम पंचायतों में से 315 के भूजल में आर्सेनिक अधिक मात्रा में है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, आर्सेनिक युक्त पानी के सेवन से फेफड़ों पर बुरा असर पड़ता है। मानव शरीर को छोड़िए, पत्थर भी लाल पड़ जाता है। आर्सेनिक की वजह से जिले में 60 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। हजारों लोग आर्सेनिकोसिस नामक बीमारी से पी?त हैं। सोहांव, दुबहर, बेलहरी, बैरिया एवं रेवती विकास खंड के 55 गांवों में यह खतरनाक स्तर पर है। जाधवपुर विश्वविद्यालय की टीम ने अपनी जांच में यहां के जल में निर्धारित मानक से 140 गुना अधिक आर्सेनिक की पुष्टि की थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के तय मानक के अनुसार, आर्सेनिक की प्रति लीटर मात्रा 0.01 मिग्रा होनी चाहिए। मगर भारत सरकार ने 0.05 मिग्रा तय कर रखी है। अफसरों की लापरवाही, परियोजनाओं पर पड़ रही भारी आर्सेनिक प्रभावित गांवों में शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के लिए ओवरहेड टैंक, आर्सेनिक रिमूवल प्लांट व फिल्टर लगाए गए थे। लेकिन कुछ दिनों बाद देखरेख के अभाव में खराब हो गए। इसके बाद हैदराबाद की टीम ने बेलहरी ब्लॉक के पचरूखियां-रामग? के मध्य गंगा नदी में प्लांट बनाने के लिए जगह चिह्नित की। लेकिन 700 करो? की यह परियोजना परवान नहीं चढ़ पाई। वर्ष 2017-18 में नीर निर्मल योजना के तहत 37 परियोजनाएं स्वीकृत हुईं। विश्व बैंक से धनराशि भी प्राप्त हो गई। 31 मार्च 2020 तक परियोजना को पूरा करना था। मगर 18 परियोजनाओं में समय से काम शुरू नहीं हो पाया। वर्ष 2019 में विश्व बैंक के निर्देश पर जल निगम को धन सरेंडर करना पड़ा। वर्तमान में 3019.32 करोड़ से तीन सतही पेयजल परियोजनाओं पर काम चल रहा है। हनुमानगंज व मनियर सतही पेयजल परियोजना के इंटेक वेल के लिए जमीन का इंतजाम नहीं हो सका है। बोले अधिकारी- सतही जल परियोजना के तहत तीन एजेंसियों को अलग-अलग कार्य आवंटित हैं। बेलहरी ब्लॉक में आगामी सितंबर माह से सतही जल परियोजना का संचालन आरंभ हो जाएगा। इसका 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। इसके बाद लोगों को आर्सेनिक युक्त पानी से मुक्ति मिल जाएगी। - मुकीम अहमद, अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण, बलिया। आर्सेनिक से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए कोई विशेष दवा नहीं है। चर्म रोग से ग्रसित लोगों के इलाज के लिए जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर की तैनाती है। आर्सेनिक से बचाव के लिए पानी को उबाल कर पीना चाहिए। - डॉ. संजीव वर्मन, सीएमओ। मीठा जहर है आर्सेनिक, शरीर को कर देता है खोखला- सीएमओ डॉ. संजीव वर्मन ने बताया कि आर्सेनिक युक्त पानी का सेवन करने वालों को चर्म रोग हो जाता है। लगातार सेवन से लोग कैंसर जैसी बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, आर्सेनिक को मीठा जहर कहा जाता है। यह शरीर को धीरे-धीरे खोखला कर देता है। लोगों को सांस संबंधी समस्या भी हो जाती है। इलाज के अभाव में लोगों की जान तक चली जाती है।

# मदरसा अरबिया अनवारूल उलूम मऊआइमा में वार्षिक अधिवेशन में जुटे देश के नामी आलिम

क्यूँ न लिखूं सच

मऊआइमा (प्रयागराज) जुआ, शराब खेलना झूठ बोलना झूठ बोल कर कमाई करना हराम है।इस हराम कमाई से परिवार खा कर तबाह हो जाता है। उक्त बातें देवबंद के प्रोफेसर मौलाना आदम मुस्तफा ने एकत्रित लोगों से कही। उन्होंने ने फ़रमाया कि अल्लाह ने कुरान पाक में कसम खा कर कहा है कि अपने को नेक कामों में लगा लो सफल रहोंगे। झूठ बोलना कर तुम धन एकत्रित कर परिजनों को खिलाते हो तो पूरा परिवार तुम्हारे हराम कमाई को खाता है।जो जहन्नुम की ओर ले जाता है। नस्लें बर्बाद हो जाती है ??हराम की कमाई दुनिया में किसी न किसी बहाने से निकल जाती है। बीमारी के बहाने अथवा अन्य जगहों पर खर्च हो जाता है। प्रोफेसर मौलाना आदम मुस्तफा ने कहा कि ब्याज का लेन-देन बंद कर दो।ब्याज का लेन-देन हराम है जो लोग कर रहे हैं वह रसूल पाक की नाफरमानी कर रहे हैं। उन्होंने ने हर प्रकार के नसा को हराकर करार दिए।आज के इस दौर में भाई भाई का दुश्मन जायदाद के लिए बना हुआ है। इसके पूर्व मौलाना मुफ्ती देवबंद के उप संचालक राशिद साहब ने सोलह हाफिज,बारह कारी के सिर पर साफा पहनाकर कर प्रमाण पत्र दिए।तथा ग्यारह लड़कियों के मौलवी बनी उन्हें महिलाओं ने पर्दा में प्रमाण पत्र दिए।विश्वव स्तरीय शायर मंजर भोपाली ने नातिया कलाम में पढा (हुस्न दुनिया कि हर एक हर सय,कोई ऐसा नहीं है जो उनकी अदा तक पहुंचे)तथा महताब भोपाली ने भी अपने नातिया कलाम से खूब वाह वाही लूटी। देवबंद के कारी इकरार अहमद ने दीनी दीनी कामों पर जोर देते हुए ईमानदार बनने पर जोर दिए।जलसे के अन्त में मुफ्ती मौलाना हबीबुर्रहमान ने मुल्क की तरक्की और देश भक्ति पर विस्तार से लोगों को समझाया तथा भाई चारा सौहार्द बनाए रखने की दुआ करायी।





# थाना कदौरा में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस आयोजित ङ्क जन समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश

क्यूँ न लिखूं सच- नीरज कुमार

थाना कदौरा में शनिवार को सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मामलों के त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस पर जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से हल कर शासन और प्रशासन के प्रति उनके विश्वास को कायम रखें ।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों की मौके पर जाकर जांच करें और निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कहा कि समाधान प्रक्रिया में पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में तत्काल कार्रवाई संभव है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र न्याय मिल सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अबधेश सिंह समेत अन्य संबंधित अधिकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



# अतिशय क्षेत्र जैन मंदिर में मुनि श्री 108 निश्चित सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश

क्यूँ न लिखूं सच- राकेश गुप्ता

शामली जलालाबाद संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी मुनिराज के परम प्रभावित शिष्य प्रखर वक्ता आचार्य भगवान के हस्त कमल से सीधे मुनि दीक्षा ग्रहण करने वाले मुनि श्री 108 निश्चित सागर जी का मंगल विहार सुबह 5ः00 बजे ननौता से जलालाबाद के अतिशय क्षेत्र दिगंबर जैन मंदिर में 11 में दिन रविवार मंगल प्रवेश होने जा रहा है जिसमें जैन समाज मुनिराज की भव्य स्वागत की तैयारी में लगी है इसकी जानकारी जैन मंदिर के अध्यक्ष सुशील जैन ने दी



# डंपर की टक्कर से चचेरे भाई-बहन की मौत कोहराम ,मऊआइमा थाना पड़ाव चौराहे पर वाहन का इंतजार कर रहे थे मृतक

क्यूँ न लिखूं सच

मऊआइमा( प्रयागराज )इलाके के थाना पड़ाव पर डंपर ने टक्कर जोरदार टक्टर मार दी। जिससे चचेरे भाई-बहन की अस्पताल में मौत हो गई । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। वहीं घटना मामले को लेकर घर में कोहराम मचा हुआ है। बताया जाता है कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के जोखईगंज निकदिलपुर निवासी अमरेंद्र कुमार अपनी चाची संजना देवी, चचेरी बहन प्रीति व डेढ़ वर्षीय प्रियांशु के साथ शनिदेव धाम से वापस लौट रहे थे। प्रयागराज प्रतापगढ़ हाइवे मार्ग पर मऊआइमा के थाना पड़ाव समीप डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। आनन फानन में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊआइमा ले गए। जहां डॉक्टरों ने अमरेंद्र कुमार (17) राजेंद्र प्रसाद तथा प्रीति देवी (13) राम बाबू को मृत घोषित कर दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। मृतक तीन बहनों में सबसे छोटा है। तथा मृतका की मां संजना देवी, आठ वर्षीय भाई अनुराग, डेढ़ वर्षीय प्रियांशी समेत अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर वाहन को चालक समेत पकड़ लिया गया है।





# यमुना किनारे स्थित सूर्य मंदिर बनेगा सांस्कृतिक पर्यटन का केंद्र, जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

क्यूँ न लिखूं सच- नीरज कुमार

मदरा लालपुर गांव स्थित ऐतिहासिक सूर्य मंदिर एक बार फिर से अपनी भव्यता की ओर अग्रसर हो रहा है। यमुना नदी के किनारे स्थित यह प्राचीन मंदिर अपनी अद्भुत वास्तुकला और कोणार्क मंदिर से मिलती-जुलती शिल्पकला के लिए प्रसिद्ध है। जिला प्रशासन अब इस सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के लिए ठोस कदम उठा रहा है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने मंदिर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया और इसके जीर्णोद्धार की योजना पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा, 卐यह सूर्य मंदिर हमारी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है। इसे संवारने और संरक्षित करने के लिए कार्य योजना बनाकर शासन को प्रस्ताव भेजी जाएगी । माना जाता है कि इस मंदिर की स्थापना भगवान श्रीकृष्ण के पौत्र साम्ब ने की थी, जो सूर्य देवता के परम भक्त माने जाते हैं। मंदिर की वास्तुकला प्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर से प्रेरित है, जो इसे विशेष बनाती है। मंदिर यमुना नदी के तट पर स्थित होने के कारण न केवल धार्मिक रूप से, बल्कि पर्यावरण और पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यंत आकर्षक स्थल है। सूर्य देवता की आराधना करने यहां दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। मंदिर परिसर से मिलने वाली आध्यात्मिक ऊर्जा व शांति यहां की विशेष पहचान है। जिला प्रशासन के इस पहल से अब उम्मीद की जा रही है कि यह ऐतिहासिक धरोहर न केवल संरक्षित होगी, बल्कि धार्मिक पर्यटन का एक प्रमुख केंद्र भी बनेगी।






## संक्षिप्त समाचार

# सोरांव में आयोजित किया गया समाधान दिवस

क्यूँ न लिखूं सच

सोरांव।- प्रयागराज जनपद के गंगा नगर के सोरांव थाने में शनिवार को थाना समाधान दिवस इंस्पेक्टर सोरांव राधे किशन की अध्यक्षता में आयोजित किया जहां सुबह से ही फरियादी अपनी अपनी फरियाद ले कर थाना समाधान दिवस में पहुंचे इस मौके पर राजस्व निरीक्षक सर्किल सोरांव ज्ञान प्रकाश सहित कई लेखपाल उपस्थित रहे जहां राजस्व निरीक्षक द्वारा बताया गया कि राजस्व से सम्बंधित कुल 5 प्रार्थना पत्र आए जिनके 2 तहसील फूल पुर से संबंधित थे वहीं 3 प्रार्थना पत्र तहसील सोरांव से संबंधित थे।तथा जिनके आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्बंधित को दिशा निर्देश दिया गया तथा फूल पुर तहसील के प्रार्थना पत्र को तहसील फूल पुर प्रेषित करा दिया गया।



# दबंग ने फोन पर मुकदमा वापस लेने की धमकी दी, खनन की शिकायत पर हत्या की धमकी

क्यूँ न लिखूं सच

मऊआइमा( प्रयागराज) मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसई सिपाह निवासी दिलशाद अहमद उर्फ कल्लू पुत्र अनीस अहमद का आरोप है कि गांव के दबंग ने कुछ वर्ष पूर्व उसपर कातिलाना हमला बोल दिया था। दिलशाद अहमद का आरोप है कि दबंग ने फोन करके यह धमकी दी कि यदि तुम मुकदमा वापस नहीं लिए और मेरे अवैध खनन की शिकायत बंद नहीं किए तो हम तेरी हत्या कर देंगें। भुक्तभोगी दिलशाद अहमद उर्फ कल्लू ने मऊआइमा थाने में गांव के हाशिम अली पुत्र कबीर उद्दीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# प्रयागराज नैनी इंदरपुर डान्डी की जनता के जन जीवन के साथ हो रहा खिलवाड़

क्यूँ न लिखूं सच

प्रयागराज नैनी इंदलपुर पावर हाउस से घोर लापरवाही का मामला देखने को आया है एस डी ओ साहब और जे ई साहब को सूचित करने के बावजूद भि विषय को गंभीरता से नहीं लिया जनता की जान चली जाएगी तब विषय को संज्ञान मे लिया जाएगा संपूर्ण गंगोत्री नगर में पानी का संकट बिजली विभाग ने जल निगम की पाइप पर गाडा खंभा डान्डी राज रस कुंज के सामने पन्चलाल वाली रोड पर मौजूद खंभा लगाया गया जिससे पानी की पाइप फट गयी अत जिसके वजह से संपूर्ण गंगोत्री नगर मे जल संकट से त्राहि त्राहि हो रहा है. और दूसरी तरफ खंबे में 440 वोल्ट करंट उतर रहा है कभी भी कोई घटना हो सकति है. सोचना देने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं हुइ इसका जिम्मेदार इन्दल्पु ̒पावर हाउस होगा नैनी पावर हाउस

# विधायक मूलचंद निरंजन और नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता सीएम योगी आदित्यनाथ से मिले

क्यूँ न लिखूं सच- नीरज कुमार

कोंच(जालौन) भारतीय जनता पार्टी के माधोगढ़ क्षेत्र के विधायक मूलचंद निरंजन और नगर पालिका परिषद कोंच के अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता प्रदेश की राजधानी लखनऊ मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचकर प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर शिष्टाचार भेंट की और दोनों जन प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कोंच नगर की प्रमुख समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की और नगर के विकास कार्यों के बारे में भी अवगत कराया इस अवसर पर गहोई सेवा समिति के अध्यक्ष आनंद सकेरे भी मौजूद रहे



# This actress became a mother at the age of 17, seeing the situation, she prayed for the death of her own daughter

Moushumi Chatterjee is one of the successful actresses of her time. She worked in many great films in her career but the year 2019 was the most painful year of her life. The actress lost her daughter forever in the same year. Even today her eyes become moist remembering her. The actress recently narrated this story. Famous actress Moushumi Chatterjee lost her daughter Payal in the year 2019. This daughter was from her husband Jayant Mukherjee. Recently, the actress talked about the heartbreaking loss and shared the shocking incident of her daughter's death. Recently, during a conversation with Nayandeep Rakshit, Moushumi Chatterjee spoke on the rumors of not going to the hospital after her daughter's death. She revealed that Payal's body was kept in the hospital because the hospital bill was not paid. Daughter died at the age of 45 Actually, according to some media reports, there were some problems between the actress and her former son-in-law. She went to court in 2018 and asked to become Payal's legal guardian. Mausami also claimed that her daughter was not being given proper medical care. During an interview, she shared, "I don't think my husband has fully recovered from Payal's death. I have also not been able to recover from it. This emptiness will remain throughout our lives. We are not able to recover from this grief." Payal died at the age of 45. She had diabetes with which she had been fighting for a long time. She was in a coma for two years before her death. Payal was married to businessman Dicky Sinha. There was a time when Mausami herself used to pray for her daughter's death. Due to a dispute with her son-in-law, the actress was not allowed to meet her daughter. After going to the police and court, the actress was able to meet her daughter. Seeing her daughter's condition, Mausami was very broken and wanted her to go to God soon. There was an age difference of eight years between the two daughters. Mausami also alleged that Payal's in-laws refused to pay her medical bills and she was prevented from meeting her daughter during her illness. The actress said, 'Payal was very affectionate towards Megha (younger daughter) as there was an age difference of eight years between them.' Talking about Jayant's emotional state after Payal's death, Mausami said, 'Sometimes he would wake up at night and shout Payal's name. You cannot describe these things in words.' Mausami accused Payal's in-laws and husband. Earlier, Dicky had accused the veteran actress of not attending Payal's funeral and not visiting her at the mortuary.



# Sharmila Tagore will attend Cannes 2025 for the screening of Satyajit Ray's film, shared many old memories

Sharmila Tagore made her acting debut with The World of Apu (1959). She worked with Satyajit Ray in many other films including Devi (1960), Nayak (1966), Aranyer Din Ratri (1970) and Seemabaddha (1971) etc. Sharmila is going to participate in the Cannes Film Festival very soon. She will attend the screening of filmmaker Satyajit Ray's film Aranyer Din Ratri. Sharmila will participate in Cannes 2025 Worked in many films with Satyajit Ray Will be seen with Simi Grewal Sharmila Tagore is going to attend a special screening at this year's Cannes Film Festival 2025. She will be present at the screening of the 4K restored version of master filmmaker Satyajit Ray's 1970 film Aranyer Din Ratri. The film, starring Sharmila Tagore, will be screened at Cannes under the Classics section, the organisers said on Thursday. Sharmila Tagore to attend Cannes 2025 Sharmila Tagore, who has worked with Satyajit Ray on several other projects, will walk the red carpet at Cannes 2025 along with Simi Grewal. Simi also played an important role with him in Aranyer Din Ratri. Talking about this milestone, Sharmila said, "It is wonderful that Manik da (Ray)'s Aranayer Din Ratri has been restored and will have its world premiere at the Cannes Film Festival this year. This is a very special moment for me and I am very happy that I will be in Cannes to present the film at the premiere." Approached during the shooting of Aradhana Going down memory lane, she said, "I remember I was shooting for Aradhana when Manik da approached me to shoot for this film for a month. It was extremely hot during the shoot and we could only shoot in the morning and late afternoon. I have wonderful memories of the time spent with my co-actors. Manik da's precision, especially the way he shot the memory game sequence, was incredible." Which actors were seen? Based on author Sunil Gangopadhyay's novel of the same name, this Bengali language film received a lot of praise from critics as well. The English title of the film is Days and Nights in the Forest. The film stars Soumitra Chatterjee, Subhendu Chatterjee, Samit Bhanja, Robi Ghosh, Aparna Sen, Sharmila Tagore and Simi Garewal.



# This Bollywood actress got threats for posting on Operation Sindoor, said on trolls- 'Never apologize...'

In response to the Pahalgam terrorist attack, India attacked terrorist bases in Pakistan under Operation Sindoor, which was supported by many Bollywood celebrities. Recently, a Bollywood actress shared a post about Operation Sindoor, after which she was badly trolled. Bollywood actress spoke on Operation Sindoor Trolls targeted the actress for the post Actress refused to apologize Under Operation Sindoor, India avenged the Pahalgam attack from the terrorists and attacked their bases in Pakistan. After this successful mission, the whole country supported the armed forces. Bollywood celebrities also praised the armed forces. However, one of these actresses had to pay a heavy price for reacting to Operation Sindoor. This actress is none other than No Entry fame Celina Jaitly, who is currently living in Austria, away from the film world. Recently, Celina shared a post on social media in support of Operation Sindoor, after which she was not only trolled but also threatened. Now Celina has reacted to the trolling. Celina Jaitley's befitting reply to trolls Actually, Celina Jaitley praised Operation Sindoor and the armed forces on May 7. After this post, people are unfollowing her and also threatening her. Now Celina has fearlessly shared a post and has clearly refused to apologize. She said, "Those who are unfollowing me or threatening me because I am speaking for my country - read this carefully. I will never apologize for standing with my country. I will never remain silent when innocent lives are taken in the name of terror." Celina standing with the country Celina Jaitley further said, "I mourn the loss of every innocent life, even at the border, but I will never stand with those who justify or glorify violence. If my love for India hurts you, if my voice against terrorism scares you, then unfollow me proudly." Celina said at the end of her post, "You never had to walk this path with me. I speak for peace. I stand for the truth and I always stand with my soldiers. They protect you without asking your name or religion."

